Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** किस संवैधानिक संशोधन ने भारत में सहकारी समितियों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया था?

Ans
✗ 1. 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2002
✗ 2. 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992
✓ 3. 97वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2011
✗ 4. 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992

**Q.2** मई 2025 में परीक्षण की गई भारत की स्वदेशी ड्रोन-रोधी प्रणाली का नाम क्या है?

Ans
✓ 1. भार्गवास्त्र
✗ 2. त्रिनेत्र
✗ 3. नागास्त्र
✗ 4. आकाशतीर

**Q.3** विंडोज़ में स्क्रीन रिज़ोल्यूशन समायोजित करने या डेस्कटॉप बैकग्राउंड बदलने के लिए, यूजर आमतौर पर निम्नलिखित में से किसका उपयोग करेगा?

Ans
✗ 1. Documents (डॉक्यूमेंट्स)
✗ 2. This PC (दिस पीसी)
✗ 3. Run (रन)
✓ 4. Settings (सेटिंग्स)

**Q.4** जनवरी 2025 में विश्व आर्थिक मंच (WEF) की वार्षिक बैठक किस स्विस शहर में आयोजित की गई थी?

Ans
✗ 1. वियना
✗ 2. ज़्यूरिख
✓ 3. दावोस
✗ 4. जिनेवा

**Q.5** 1857 के विद्रोह के बाद, भारत में हिंदू-मुस्लिम एकता में अविश्वास पैदा करने के लिए अंग्रेजों ने कौन-सी नीति अपनाई थी?

Ans
✓ 1. फूट डालो, राज करो
✗ 2. सहायक गठबंधन
✗ 3. व्यपगत सिद्धांत
✗ 4. अग्रमुखी नीति

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 निम्नलिखित में से कौन, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार जीतने वाला प्रथम भारतीय एथलीट था?

Ans
- ✗ 1. सचिन तेंदुलकर
- ✗ 2. लिएंडर पेस
- ✗ 3. पी.वी. सिंधु
- ✓ 4. विश्वनाथन आनंद

Q.7 लंबे समय से चले आ रहे अंतर-राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए अप्रैल 2025 में गुवाहाटी में किन दो राज्य सरकारों ने आधिकारिक स्तर की वार्ता की?

Ans
- ✗ 1. नागालैंड और मणिपुर
- ✗ 2. मिज़ोरम और त्रिपुरा
- ✓ 3. मिज़ोरम और असम
- ✗ 4. अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड

Q.8 कौन-सा पठार, पैटलैंड श्रृंखला (Patland series) का भाग नहीं है?

Ans
- ✗ 1. मालवा पठार
- ✓ 2. दक्कन पठार
- ✗ 3. हजारीबाग पठार
- ✗ 4. रांची पठार

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा सूचकांक किसी देश के मानव विकास को मापने के लिए जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय को संयोजित करता है?

Ans
- ✓ 1. मानव विकास सूचकांक (HDI)
- ✗ 2. गिनी सूचकांक
- ✗ 3. प्रति व्यक्ति GDP
- ✗ 4. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

Q.10 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ 1. यह ग्रामीण सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।
- ✗ 2. यह ग्रामीण उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देता है।
- ✗ 3. यह ग्रामीण गरीबों को 100 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करता है।
- ✓ 4. इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को स्वयं सहायता समूहों (SHG) में संगठित करना है।

Q.11 किस भारतीय महिला निशानेबाज ने ISSF जूनियर विश्व कप 2025 में महिला स्कीट (women's skeet) स्पर्धा में रजत पदक जीता?

Ans
- ✗ 1. गनेमत सेखों (Ganemat Sekhon)
- ✗ 2. परिनाज़ धालीवाल (Parinaaz Dhaliwal)
- ✗ 3. माहेश्वरी चौहान (Maheshwari Chauhan)
- ✓ 4. रायज़ा ढिल्लों (Raiza Dhillon)

Q.12 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✓ 1. वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और समावेशिता बढ़ाना
- ✗ 2. नई वक्फ संपत्तियों की स्थापना पर प्रतिबंध लगाना
- ✗ 3. वक्फ अधिनियम, 1995 को निरस्त करना और वक्फ बोर्डों को समाप्त करना
- ✗ 4. केंद्र सरकार के नियंत्रण में सभी वक्फ संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण करना और नई वक्फ संपत्तियों का ऑडिट कराना

Q.13 किस तत्व का परमाणु क्रमांक 21 होता है?

Ans
- ✗ 1. कैल्सियम
- ✓ 2. स्कैन्डियम
- ✗ 3. टाइटेनियम
- ✗ 4. जिंक

Q.14 विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन (WHS) क्षेत्रीय बैठक 2025 भारत में पहली बार किस स्थान पर आयोजित की गई?

Ans
- ✗ 1. प्रगति मैदान, नई दिल्ली
- ✓ 2. भारत मंडपम, नई दिल्ली
- ✗ 3. इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा
- ✗ 4. अशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत

Q.15 दिसंबर 2024 में, भारत के रक्षा मंत्रालय ने कितने Su-30MKI विमानों की खरीद के लिए एच.ए.एल. (HAL) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 8
- ✗ 3. 15
- ✓ 4. 12

Q.16 योजना आयोग, पंचवर्षीय योजनाएँ तैयार करने के लिए उत्तरदायी सर्वोच्च निकाय था। भारत के योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

Ans
- ✗ 1. 1951
- ✗ 2. 1948
- ✗ 3. 1952
- ✓ 4. 1950

Q.17 प्रथम मुगल शासक बाबर, मध्यकालीन विश्व के दो सबसे बड़े विजेताओं से संबंधित था। यदि वह मातृपक्ष में मंगोल विजेता चंगेज खान से संबंधित था, तो पितृपक्ष में वह किससे संबंधित था?

Ans
- ✓ 1. तैमूर (Timur)
- ✗ 2. मोहम्मद गौरी (Mohammed Ghori)
- ✗ 3. महमूद गजनी (Mahmud Ghazni)
- ✗ 4. इब्राहिम लोदी (Ibrahim Lodi)

Q.18 मई 2025 में, भारत ने उत्पादकता वृद्धि पर केंद्रित किस क्षेत्रीय संगठन की अध्यक्षता ग्रहण की?

Ans
- ✗ 1. दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN)
- ✓ 2. एशियाई उत्पादकता संगठन (APO)
- ✗ 3. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC)
- ✗ 4. बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (BIMSTEC)

Q.19 किस जैवरसायनज्ञ को प्रोटीन, विशेषकर इंसुलिन की संरचना पर उनके कार्य के लिए 1958 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया?

Ans
- ✗ 1. कार्ल न्यूबर्ग (Carl Neuberg)
- ✓ 2. फ्रेडरिक सेंगर (Frederick Sanger)
- ✗ 3. रोज़ालिंड फ्रैंकलिन (Rosalind Franklin)
- ✗ 4. एडवर्ड बुचनर (Eduard Buchner)

Q.20 2025 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले हृदय नारायण दीक्षित, जो एक प्रसिद्ध विचारक, दार्शनिक, राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, किस भारतीय राज्य से संबंधित हैं?

Ans
- ✓ 1. उत्तर प्रदेश
- ✗ 2. मध्य प्रदेश
- ✗ 3. बिहार
- ✗ 4. राजस्थान

Adda247

Q.21 निम्नलिखित में से किस भारतीय तटरक्षक जहाज ने भारत-यूएई समुद्री सहयोग को मज़बूत करने वाले NAVDEX 2025 में हिस्सा लिया?

Ans
✗ 1. INS राजध्वज (INS Rajdhwaj)
✓ 2. ICGS शूर (ICGS Shoor)
✗ 3. ICGS सुजाता (ICGS Sujata)
✗ 4. INS वीरा (INS Veera)

Q.22 विभिन्न संवैधानिक पदों के लिए शपथ और प्रतिज्ञान के स्वरूप किस अनुसूची में निर्दिष्ट हैं?

Ans
✗ 1. चौथी अनुसूची
✗ 2. दसवीं अनुसूची
✓ 3. तीसरी अनुसूची
✗ 4. पाँचवीं अनुसूची

Q.23 लोक सूचना अधिकारी (PIO) के लिए सूचना उपलब्ध कराने का अनिवार्य समय क्या है?

Ans
✗ 1. व्यक्तिगत अनुरोधों के लिए 10 दिन
✗ 2. सभी मामलों के लिए 60 दिन
✗ 3. अत्यावश्यक मामलों के लिए 15 दिन
✓ 4. सामान्यतः 30 दिन और जीवन या स्वतंत्रता मामलों के लिए 48 घंटे

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, गोंड समुदाय की जनजातीय बस्ती के लिए जाना जाता है?

Ans
✗ 1. केरल
✗ 2. पंजाब
✗ 3. हरियाणा
✓ 4. छत्तीसगढ़

Q.25 PM JI-VAN (जैव ईंधन-वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना किस वर्ष लॉन्च की गई?

Ans
✗ 1. 2017
✗ 2. 2020
✓ 3. 2019
✗ 4. 2018

Q.26 भारतीय संविधान की ________ न्यायिक समीक्षा के अंतर्गत न्यायालयों में चुनौती दिए जाने से बचाती है।

Ans
✗ 1. तीसरी अनुसूची
✗ 2. ग्यारहवीं अनुसूची
✓ 3. नौवीं अनुसूची
✗ 4. पांचवीं अनुसूची

Q.27 पृथ्वी पर विभिन्न ऋतुओं का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✗ 1. पृथ्वी का घूर्णन
✓ 2. पृथ्वी का झुकाव और सूर्य के चारों ओर उसका परिक्रमण
✗ 3. सूर्य से पृथ्वी की दूरी
✗ 4. सौर प्रज्वाल

Q.28 रीड-ओनली मेमोरी (ROM) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

Ans
✗ 1. यह वोलेटाइल मेमोरी है जो डेटा को अस्थायी रूप से संग्रहीत करती है।
✗ 2. यह लॉजिक ऑपरेशन को प्रोसेस करती है।
✗ 3. यह डेटा संग्रहीत करती है जिसे उपयोगकर्ता द्वारा संशोधित किया जा सकता है।
✓ 4. यह बूटिंग निर्देशों को स्थायी रूप से संग्रहीत करती है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 पजहस्सी राजा (Pazhassi Raja) आधुनिक ___________ राज्य के एक स्वतंत्रता सेनानी थे।

Ans
1. आंध्र प्रदेश
2. गुजरात
3. केरल ✔
4. तेलंगाना

Q.30 भारत AI मिशन अप्रैल 2025 के तहत देश का पहला स्वदेशी वृहद भाषा मॉडल विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से किस भारतीय स्टार्टअप का चयन किया गया?

Ans
1. वाधवानी AI
2. AI4भारत
3. इन्फोसिस
4. सर्वम AI ✔

Q.31 22 मई 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कितने अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया गया?

Ans
1. 100
2. 108
3. 103 ✔
4. 110

Q.32 किस आंदोलन ने महात्मा गांधी के अखिल भारतीय राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया?

Ans
1. नमक सत्याग्रह
2. खिलाफत और असहयोग आंदोलन ✔
3. चंपारण सत्याग्रह
4. सविनय अवज्ञा आंदोलन

Q.33 राजस्थान का डेजर्ट नेशनल पार्क (Desert National Park), राज्य के किन जिलों में स्थित है?

Ans
1. जैसलमेर और बाड़मेर ✔
2. उदयपुर और राजसमंद
3. धौलपुर और भरतपुर
4. फलोदी और जोधपुर

Q.34 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद, विशेष रूप से प्रशासनिक और अन्य मामलों के लिए अधिकरणों (Tribunals) की स्थापना से संबंधित है?

Ans
1. अनुच्छेद 323A और 323B ✔
2. अनुच्छेद 14 और 15
3. अनुच्छेद 356C और 360D
4. अनुच्छेद 32 और 226

Q.35 29 मई 2025 को किस संस्था ने राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव (RBSM) मनाया?

Ans
1. इंडियन ऑयल पेट्रोलियम प्रबंधन संस्थान, हरियाणा
2. राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, अमेठी
3. भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान, विशाखापत्तनम
4. CSIR-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून ✔

Q.36 1931 में β-क्षय के लिए ऊर्जा और संवेग के संरक्षण नियमों का उपयोग करते हुए, एक नए कण, जिसे अब न्यूट्रिनो के रूप में जाना जाता है, के अस्तित्व का पूर्वानुमान किसने किया था?

Ans
1. वोल्फगैंग पॉली (Wolfgang Pauli) ✔
2. पॉल डिराक (Paul Dirac)
3. जेम्स चैडविक (James Chadwick)
4. एन्रीको फर्मी (Enrico Fermi)

**Q.37** 1923 में आंध्र प्रदेश में जन्मे वेदांतम प्रहलाद शर्मा ने निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली में दीक्षा ली थी?

Ans
- ✔ 1. कुचिपुड़ी
- ✘ 2. ओडिसी
- ✘ 3. कथक
- ✘ 4. भरतनाट्यम

**Q.38** डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) का हिस्सा, विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या (ULPIN), भूमि पार्सल के देशांतर और अक्षांश निर्देशांक के आधार पर कितने अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या है?

Ans
- ✘ 1. 10 अंक
- ✘ 2. 16 अंक
- ✘ 3. 12 अंक
- ✔ 4. 14 अंक

**Q.39** गुर्जर-प्रतिहार वंश के विस्तार के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सा नगर वत्सराज की राजधानी बना?

Ans
- ✔ 1. उज्जैन
- ✘ 2. मालवा
- ✘ 3. मथुरा
- ✘ 4. कन्नौज

**Q.40** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, भारत में हरित क्रांति की विशेषता नहीं थी?

Ans
- ✔ 1. कृषि भूमि का विस्तार
- ✘ 2. कृषि का मशीनीकरण
- ✘ 3. उर्वरकों और सिंचाई का बढ़ता उपयोग
- ✘ 4. उच्च उपज देने वाली किस्म के बीजों का उपयोग

Section : **Mathematics**

**Q.1** किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{2}{7}$ पर बेचने पर, मानव को 24% की हानि होती है। यदि वह इस वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 55% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 48.7%
- ✘ 2. 47.6%
- ✔ 3. 46.3%
- ✘ 4. 46.9%

**Q.2** विक्रम, कोमल और ऋषि ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,540, ₹1,760 और ₹1,170 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,490 है, तो लाभ में ऋषि का हिस्सा कितना है?

Ans
- ✘ 1. ₹391
- ✘ 2. ₹392
- ✘ 3. ₹388
- ✔ 4. ₹390

**Q.3** M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 6 महीने के लिए, N के निवेश से ₹43,000 अधिक निवेश करता है और N, 7 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹3,304 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹472 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. ₹1,20,000
- ✔ 2. ₹1,20,400
- ✘ 3. ₹1,21,400
- ✘ 4. ₹1,20,600

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.4** दो संख्याओं का योगफल 40 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 351 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 13, 27
- ✗ 2. 11, 29
- ✗ 3. 18, 22
- ✗ 4. 6, 34

**Q.5** निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$2\left(\left(\frac{3}{2}\right)x^2 - 28x + 14\right) - 3(x^2 + 6x - 11)$$

**Ans**
- ✗ 1. 74x + 61
- ✗ 2. 74x − 61
- ✗ 3. −74x − 61
- ✔ 4. −74x + 61

**Q.6** महेश ने कुछ शार्पनर ₹150 प्रति दर्जन की दर से खरीदे। उसने उन्हें ₹21 प्रति शार्पनर की दर से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______% है।

**Ans**
- ✔ 1. 68
- ✗ 2. 66
- ✗ 3. 72
- ✗ 4. 70

**Q.7** संख्या 740705 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✔ 2. 5
- ✗ 3. 12
- ✗ 4. 9

**Q.8** रमन की आय ₹41,400 है। वह अपनी आय के 24% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 22% की वृद्धि होती है और खर्च में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____________________ होगी।

**Ans**
- ✗ 1. ₹1,241 की कमी
- ✗ 2. ₹1,244 की कमी
- ✔ 3. ₹1,242 की वृद्धि
- ✗ 4. ₹1,245 की वृद्धि

**Q.9** P की वर्तमान आयु का आठ गुना, Q की वर्तमान आयु से 12 वर्ष अधिक है। 8 वर्ष बाद, उस समय Q की आयु का तीन गुना, P की आयु के आठ गुना से 28 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 8
- ✔ 3. 12
- ✗ 4. 15

**Q.10** $69^{-4} \div 69^{10} \times 69^{-17}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. $69^{-31}$
- ✗ 2. $69^{-21}$
- ✗ 3. $69^{-32}$
- ✗ 4. $69^{-36}$

Q.11 13 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹152 है। यदि पेन की कीमत ₹1 प्रति पेन कम हो जाती है और पेंसिल की कीमत ₹7 प्रति पेंसिल बढ़ जाती है, तो 18 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹165 हो जाती है। 12 पेन और 11 पेंसिल की मूल कीमत कितनी होगी?

Ans
✗ 1. ₹489
✗ 2. ₹481
✗ 3. ₹483
✓ 4. ₹486

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
✗ 1. 38 : 75
✗ 2. 33 : 54
✓ 3. 37 : 56
✗ 4. 35 : 80

Q.13 अभय और भरत किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 5 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 2 दिन बाद, भरत ने कार्य छोड़ दिया। अभय शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
✓ 1. $2\frac{1}{3}$
✗ 2. $1\frac{1}{3}$
✗ 3. $4\frac{1}{3}$
✗ 4. $3\frac{1}{3}$

Q.14 निम्न को सरल कीजिए:

$$\frac{1}{\tan^2\theta} + \frac{\tan^2\theta}{\sin^2\theta} \times \cos^2\theta$$

Ans
✓ 1. $\operatorname{cosec}^2\theta$
✗ 2. $\sec^2\theta$
✗ 3. $\sin^2\theta$
✗ 4. $1$

Q.15 ABCD एक समलंब है जिसमें BC ∥ AD और AC = CD है। यदि ∠ABC = 45° और ∠BAC = 104° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 118°
✗ 2. 117°
✗ 3. 130°
✗ 4. 114°

Q.16 एक व्यक्ति भोपाल से इंदौर 6 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 12 km/hr की चाल से भोपाल वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 8
✗ 2. 6
✗ 3. 10
✗ 4. 4

Adda247

Q.17 [147 ÷ {29 + 2 × ( 4 − 8 )}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3
2. 7
3. 8
4. 9

Q.18 A किसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे 5 दिनों तक एक साथ कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
1. $\frac{7}{6}$
2. $\frac{5}{6}$
3. $\frac{1}{6}$
4. $\frac{11}{6}$

Q.19 वसीम, 234 km की यात्रा 78 km/hr की चाल से तय करता है, अगली 441 km की यात्रा 49 km/h की चाल से तय करता है और उससे अगली 488 km की यात्रा 61 km/h की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 50.87
2. 50.13
3. 58.15
4. 54.83

Q.20 $5^3 \times 9^2 \times 14$, $5^2 \times 14^2 \times 19$ और $9^3 \times 14^2 \times 19^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $5^2 \times 9^3 \times 14 \times 19^2$
2. $5^2 \times 9^2 \times 14^2 \times 19^3$
3. $5^3 \times 9^2 \times 14^2 \times 19$
4. $5^3 \times 9^3 \times 14^2 \times 19^2$

Q.21 402 और 409 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4
2. 6
3. 1
4. 3

Q.22 एक वर्ग का परिमाप 160 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1588
2. 1572
3. 1597
4. 1600

Q.23 कितनी धनराशि (₹ में), 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4 वर्षों में ₹2,280 हो जाएगी?

Ans
1. ₹1,950
2. ₹1,850
3. ₹1,900
4. ₹11,400

Adda247

Q.24 7 cm त्रिज्या वाले गोले का आयतन ($cm^3$ में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✔ 1. $1437\ cm^3$
✘ 2. $1442\ cm^3$
✘ 3. $1446\ cm^3$
✘ 4. $1436\ cm^3$

Q.25 उस पांच सदस्य वाले परिवार का औसत वजन ज्ञात कीजिए, जिसके सदस्यों का वजन क्रमशः 40 kg, 49 kg, 56 kg, 73 kg और 37 kg है।

Ans
✔ 1. 51 kg
✘ 2. 53 kg
✘ 3. 50 kg
✘ 4. 52 kg

Q.26 एक संख्या में 80% की वृद्धि करने पर 2430 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 4050
✘ 2. 675
✘ 3. 2700
✔ 4. 1350

Q.27 किसी बैंक में ₹10,00,000 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 11% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश की जाती है। परिपक्वता पर, देय धनराशि ₹13,67,631 हो जाती है। निवेश की समयावधि ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 2.5 वर्ष
✘ 2. 1 वर्ष
✔ 3. 3 वर्ष
✘ 4. 3.5 वर्ष

Q.28 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 40 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 15 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 31.42
✘ 2. 34.42
✘ 3. 33.42
✔ 4. 32.42

Q.29 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹280 है। अंकित मूल्य पर 12.5% की छूट दी जाती है तथा 40% का लाभ अर्जित किया जाता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹180
✔ 2. ₹175
✘ 3. ₹165
✘ 4. ₹185

Q.30 एक जैकेट का अंकित मूल्य ₹2,400 है। यदि इसे 20% की छूट पर बेचा जाए, तो विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹2,000
✘ 2. ₹1,980
✘ 3. ₹1,900
✔ 4. ₹1,920

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.1** सात बॉक्स C, D, E, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों।
O को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। O और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। P को O के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। केवल M को E और D के बीच रखा गया है। C को E के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
P और C के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ 1. एक
- ✓ 2. पांच
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. चार

**Q.2** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
कुछ पौधे, वृक्ष हैं।
कुछ वृक्ष, घास हैं।
**निष्कर्ष:**
(I) कुछ पौधे, घास हैं।
(II) कुछ वृक्ष, पौधे हैं।

**Ans**
- ✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.3** यदि '÷' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
$93 \times 9 \div 9 - 3 \times 8 + 23 \times 6 \div 3 - 3 \times 2 = ?$

**Ans**
- ✗ 1. 235
- ✗ 2. 274
- ✓ 3. 290
- ✗ 4. 266

**Q.4** मनीष, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?
(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✓ 1. 9 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 2. 12 km, उत्तर की ओर
- ✗ 3. 9 km, उत्तर की ओर
- ✗ 4. 12 km, पूर्व की ओर

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. NQM
- ✗ 2. SVR
- ✓ 3. UXS
- ✗ 4. KNJ

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

10 13 19 28 40 ?

Ans
1. 55 ✔
2. 60 ✘
3. 50 ✘
4. 52 ✘

Q.7 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FORM' को '4629' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RISE' को '1395' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 5 ✘
2. 1 ✘
3. 9 ✔
4. 6 ✘

Q.8 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 285 106 346 349 408 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 8 ✘
2. 11 ✘
3. 12 ✘
4. 14 ✔

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QG - WD ✘
2. KA - QX ✘
3. XN - DK ✘
4. DS - JO ✔

Q.10 A, B, C, D, J, K और L एक गोल मेज परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
L के बाएं से गिनने पर A और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K, J के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, B के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। K, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
D के दाएं से गिनने पर D और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो ✘
2. तीन ✔
3. चार ✘
4. एक ✘

Q.11 यदि संख्या 3174658 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. दो ✘
2. एक ✘
3. तीन ✔
4. एक भी नहीं ✘

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.12 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 2 @ 2 # * 0 8 μ π 3 σ 1 δ 6 9 $ 4 & 9 β 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग संख्या और ठीक बाद में भी एक पूर्ण वर्ग संख्या है?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. पाँच
✓ 4. तीन

Q.13 व्यक्ति X बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 10 km ड्राइव करता है। फिर वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुक जाता है। बिंदु A तक फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
✗ 1. 2 km, पश्चिम
✓ 2. 1 km, पूर्व
✗ 3. 1 km, उत्तर
✗ 4. 2 km, पूर्व

Q.14 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

38 − 8 ÷ 2 + 16 × 8 = ?

Ans
✓ 1. 52
✗ 2. 54
✗ 3. 55
✗ 4. 53

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

271 216 172 139 117 ?

Ans
✓ 1. 106
✗ 2. 95
✗ 3. 111
✗ 4. 82

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

90 87 83 78 72 ?

Ans
✗ 1. 63
✓ 2. 65
✗ 3. 66
✗ 4. 67

Q.17 करण अपनी कक्षा में शीर्ष से 27वें स्थान पर तथा नीचे से 16वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✓ 1. 42
✗ 2. 43
✗ 3. 41
✗ 4. 44

Adda247

Q.18 सात व्यक्ति, F, G, H, I, J, K और R, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। H और R के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। केवल F, J के दाएं बैठा है। R और J के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, I के दाएं किसी स्थान पर लेकिन K के बाएं किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. I
✗ 2. G
✗ 3. J
✓ 4. K

Q.19 R, C का भाई है। C, A की बहन है। A, G का पिता है। G, H का पुत्र है। R का H से क्या संबंध है?

Ans
✓ 1. पति का भाई
✗ 2. पति का पिता
✗ 3. पति
✗ 4. भाई

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. MQ-PT
✓ 2. NR-OU
✗ 3. EI-HL
✗ 4. IM-LP

Q.21 एक निश्चित तरीके से, TG 21 का संबंध OE 4 से है। उसी तरीके से, LE 18 का संबंध GC 1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RT 26 का सबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ 1. LR 9
✗ 2. LR 11
✓ 3. MR 9
✗ 4. LS 11

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

A25D E36H I49L M64P ?

Ans
✗ 1. R81U
✗ 2. R81S
✗ 3. S81T
✓ 4. Q81T

Q.23 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NOPE' को '6712' और 'NOTE' को '2178' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 1
✓ 3. 8
✗ 4. 7

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RBNE का संबंध VXRA से है। उसी तरह ZTVW का संबंध DPZS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए HLDO का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ 1. KGHL
✗ 2. MFGJ
✓ 3. LHHK
✗ 4. LGFK

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से CFJP का संबंध FINT से है। उसी तरीके से, ORZF का संबंध RUDJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से XALR का संबंध किससे है?

Ans
1. ADVP
2. ADPV
3. POID
4. APOI

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

WDK 84, BIP 79, GNU 74, LSZ 69, QXE 64, ?

Ans
1. VCI 49
2. VYJ 61
3. UCJ 59
4. VCJ 59

Q.27 यदि संख्या 36719542 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो कितने अंकों की स्थिति, मूल संख्या की तुलना में अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. एक
2. एक भी नहीं
3. तीन
4. दो

Q.28 अंशुल अपनी कक्षा में शीर्ष से 38वें स्थान पर तथा नीचे से 34वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 73
2. 70
3. 72
4. 71

Q.29 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कोई भी पुलिस अधिकारी, पायलट नहीं है।
सभी पायलट, सैनिक हैं।
निष्कर्ष:
I. कोई भी सैनिक, पुलिस अधिकारी नहीं है।
II. कुछ पुलिस अधिकारी, सैनिक हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.30 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना / में से घटाना / के साथ गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 12, 7)
(22, 30, 8)

Ans
1. (18, 31, 13)
2. (18, 24, 3)
3. (35, 63, 25)
4. (25, 30, 2)

Adda247